SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-12 (FINAL EXAM)
Subject: HINDI

Grade - 4

Prepared by: VRUSHALI KOKANE

LESSON-12 क) तुम ही भारत के रक्षक हो
ख) नया उजाला
व्याकरण: विराम चिन्ह

प्रश्न १) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक मे लिखिए।

प्रश्न २) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क)समान-भाँति

वाक्य-राहुल के समान तुम जिंदगी में आगे बढ़ो।

ख)हित-भलाई

वाक्य-माँ ने बच्चे के हित में बात की।

प्रश्न ३) खाली स्थान भरिए।

1.तुम ही रक्षक हो भारत के,वीर ________महान हो।

2. पथिकों को जलती _______में।

प्रश्न ४) लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. सूरज हमें क्या देता है?

उत्तर-सूरज हमें रोशनी देता है।

2. हमें फूलों की माला कौन देता है?

उत्तर-खुशबू भरे फूल हमें फूलों की माला देते है।

3. किसको पढ़ाने के लिए कहा गया है?

उत्तर-अनपढ़ों को पढ़ाने के लिए कहा गया है।

4. किस ज्योति को जलाने की बात हो रही है?

उत्तर-ज्ञान की ज्योति को जलाने की बात हो रही है।

5. बहादुर कौन है?

उत्तर-बहादुर भारत के बच्चे हैं।

6. तरु त्यागी कैसे हो सकते हैं?

उत्तर-वे अपने फल दूसरों को खाने को देते हैं। अपनी छाँव से दूसरों की थकान मिटाते हैं और औषधीय देकर मानव जीवन को बचाते हैं।

प्रश्न ५) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

1. कवि 'जलेश' किसे बहादुर कह रहे हैं और क्यों ?

उत्तर-कवि 'जलेश' भारत के बच्चों को बहादुर कह रहे हैं। ताकि बच्चे अपने अंदर छिपी शक्ति को पहचान सके और देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें।

2. बच्चे अपना घर सँभाल सकते हैं?

उत्तर-यदि बच्चे अपने अंदर की शक्ति को पहचाने और उसे सकारात्मक रूप में प्रयोग करें तो वे अपना घर सँभाल सकते हैं।

3. बच्चे देश में किस प्रकार उजाला ला सकते हैं?

उत्तर-बच्चे मेहनत का दीप जलाकर देश में उजाला ला सकते हैं।

4. कविता का शीर्षक 'नया उजाला' क्यों रखा गया होगा ? कोई और शीर्षक भी सुझाइए।

उत्तर- यह कविता हमें परोपकार करना सिखा रही है। दूसरों के हित में काम करने का संदेश दे रही है। इसलिए इस कविता का शीर्षक नया उजाला रखा गया होगा। इसका दूसरा शीर्षक 'परोपकार', हो सकता है।

5. ये पंक्तियाँ क्या कह रही हैं -

उत्तर-क. हमें अपनी कठोर मेहनत के बल पर देश-समाज को नए प्रकाश से आलोकित करना सीखना चाहिए।

ख. इस पंक्ति में घर से तात्पर्य देश है। इस कविता में कवि देश को सँभालने के लिए प्रेरित कर रहा है और कठिन मार्गों को बदलकर सफलता की ओर बढ़ने का संदेश दे रहा है।

<u>व्याकरण- विराम चिह्न</u>

विराम चिह्न- पढ़ते या लिखते समय वाक्य में रूकने के लिए लगाए गए चिह्नों को **<u>विराम चिह्न</u>** कहते है।

विराम चिह्न चार प्रकार के होते है-

1. पूर्णविराम २. अल्पविराम ३. प्रश्नवाचक चिह्न ४. विस्मयबोधक चिह्न

१. पूर्णविराम चिह्न - वाक्य पूरा होने पर पूर्णविराम लगाते है।

जैसे - मुझे पढ़ना - लिखना अच्छा लगता है।

२. अल्पविराम चिह्न- पढ़ते या लिखते समय यहाँ थोड़ी देर के लिए रूकते है, वहाँ अल्पविराम लगता है।

जैसे - सीता, एना तथा राखी मेरी दोस्त है।

३. प्रश्नवाचक चिह्न - प्रश्न लिखते समय वाक्य के अंत में इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

जैसे - तुम कहाँ रहते हो ?

४. विस्मयबोधक चिह्न -घृणा, शोक, हर्ष तथा आश्चर्य का भाव दर्शाने वाले वाक्यों में इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

जैसे - 1)अहा! कितना सुंदर फूल है। 2)शाबाश ! तुमने तो कमाल कर दिया।